web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

Govt. Registered Social Justice Union

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, रविवार 14 अप्रैल 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 196

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

## इजरायली अरबपति के जहाज को ईरान ने जब्त किया, 17 भारतीय भी हैं सवार

**नई दिल्ली**

इजरायल से जुड़े एक कंटेनर शिप को ईरान ने जब्त कर लिया है. इस शिप पर 17 भारतीय भी सवार हैं. ईरानी सेना ने शिप को स्ट्रेट ऑफि होर्मुज में जब्त किया है. भारत दिल्ली से लेकर तेहरान तक डिप्लोमेटिक चैनल के जरिए ईरानी अधिकारियों से बातचीत में जुटा है. कहा जा रहा है कि शिप होर्मुज से गुजर रहा था, जब ईरानी सेना के कमांडो ने उसपर एयर रेड कर दी.

इजरायली शिप पर रेड का वीडियो भी सामने आया, जिसमें देखा गया कि ईरानी कमांडो हेलीकॉप्टर से कंटेनर शिप को घेरे हुए हैं. यह घटना इजरायल द्वारा सीरिया में ईरानी एंबेसी पर बमबारी के बाद आया है, जिसमें उसके एक कमांडर की मौत हो गई थी. बताया जा रहा है कि ईरानी सेना ने शिप एमएससी एरीज को शनिवार सुबह जब्त किया है.

इजरायल-हमास जंग की आंच में अब ईरान के भी कूदने की संभावना है. मसलन, भारत ने अपने नागरिकों के लिए अलर्ट भी जारी किया है और इजरायल-ईरान की यात्रा से परहेज करने की अपील की है. ईरानी मीडिया में दावा है कि जहाज पर पूर्तगाल का झंडा था और यह कहते हुए कि जहाज इजरायल से जुड़ा है - ईरानी कमांडो उसपर छापेमारी के बाद शिप को ईरान क्षेत्र में ले गए थे.



**25 क्रू मेंबर में 17 भारतीय-** एरीज नाम की शिप का संचालन करने वाली एमएससी ने पुष्टि की कि ईरान ने जहाज को जब्त कर लिया है. कंपनी ने कहा कि शिप पर सवार सभी 25 सदस्यों की सुरक्षित वापसी के लिए काम कर रहे हैं. अब कहा जा रहा है कि इसमें 17 भारतीय नागरिक भी शामिल हैं. एमएससी एरीज का संबंध लंदन मूल के जोर्डियक मेरीटाइम से है, जिसका संचालन बताया जाता है कि इजरायली अरबपति बिजनेसमैन द्वारा किया जाता है.

एमएससी एरीज को आखिरी बार शुक्रवार को दुबई से होर्मुज स्ट्रेट की ओर जाते हुए देखा गया था. जहाज ने अपना ट्रैकिंग डेटा बंद कर दिया था, जो इस क्षेत्र से गुजरने वाले इजरायल से जुड़े जहाजों के लिए आम बात है.

**पुर्तगाल का था जहाज-** इजरायली विदेश मंत्री इजरायल काट्ज ने एक्स पर लिखा, "ईरीनी रिवॉल्यूशनरी गार्ड कोर ने यूरोपीय संघ के एक सदस्य से संबंधित एक पुर्तगाली नागरिक मालवाहक जहाज को जब्त किया है, जिसके बारे में दावा किया है कि यह इजरायली स्वामित्व का है।" काट्ज ने आगे ईरान के सर्वोच्च नेता पर हमला बोलते हुए लिखा, अयातुल्ला अली खामेनेई का शासन एक अपराधी का शासन है जो हमास के अपराधों का समर्थन करता है और अब अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करते हुए समुद्र में डकैती अभियान चला रहा है।

**ईरान पर प्रतिबंध लगाने की अपील-** इजरायली विदेश मंत्री ने ईरान पर प्रतिबंध लगाने के साथ ही खामेनेई को रिपोर्ट करने वाले रिवॉल्यूशनरी गार्ड को आतंकी संगठन घोषित करने की मांग की है। उन्होंने कहा, "मैं यूरोपीय संघ और स्वतंत्र दुनिया से ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कोर को तुरंत एक आतंकवादी संगठन घोषित करने और ईरान पर अब प्रतिबंध लगाने की अपील करता हूं।"

## अंतरराज्यीय ड्रग रैकेट का भंडाफोड़, 20 करोड़ रुपए की नशीली दवाओं के साथ दो गिरफ्तार



**गुवाहाटी** | आरएनएस

असम पुलिस ने एक अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया और उनके कब्जे से करीमगंज जिले में 20 करोड़ रुपये मूल्य का नशीला पदार्थ बरामद किया। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

करीमगंज के पुलिस अधीक्षक पार्थ प्रतिम दास ने कहा, शुक्रवार रात जिले के नीलमबाजार इलाके में एक वाहन को रोका गया। तलाशी में इसमें एक लाख याबा टैबलेट पाया गया।

करीमगंज जिले के मूल निवासी अबुल हसन और सहरुल इस्लाम के रूप में पहचाने जाने वाले दो व्यक्तियों को नशीले दवाओं की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

पुलिस के अनुसार, हसन दीमापुर में रहता है और वह ऊपरी असम क्षेत्र में नशीले पदार्थों की तस्करी करता है। पुलिस की एक टीम छह महीने से उसका पीछा कर रही थी। पुलिस अधिकारी ने कहा कि जब्त की गई दवाओं का अंतरराष्ट्रीय बाजार मूल्य लगभग 20 करोड़ रुपये है।

इस बीच, मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना की। उन्होंने यह भी कहा कि इसे पड़ोसी राज्य से लाया जा रहा था।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### जम्मू-कश्मीर : रियासी में आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़, गोला-बारूद बरामद



**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शनिवार को बताया कि उसने जम्मू के रियासी जिले के माहौर इलाके में एक आतंकवादी ठिकाने से बड़ी मात्रा में विस्फोटक, कारतूस आदि बरामद किये हैं। पुलिस ने कहा कि इलाके में आतंकवादी ठिकाने की मौजूदगी के बारे में विश्वसनीय जानकारी के आधार पर ऑपरेशन शुरू किया गया था। पुलिस के अनुसार, तलाशी और घेराबंदी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने शाजरू के लॉन्चा इलाके में ठिकाने से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। पुलिस ने कहा कि बरामदगी में इलेक्ट्रिक डेटोनेटर के साथ एक टिफिन आईईडी, दो पिस्तौल, दो मैगजीन, पिस्तौल के 19 कारतूस, लगभग 400 ग्राम विस्फोटक पाउडर, एके 47 के 40 कारतूस, नियंत्रण रेखा/सीमा के चार चित्र, सिक्सर पिस्तौल के पांच कारतूस, एक इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, 9 वोल्ट की छह डीसी बैटरी, 12 वोल्ट की दो लिथियम आयन बैटरी, दो बंडल इलेक्ट्रिक तार (लगभग 40 मीटर), लगभग पांच मीटर प्लास्टिक की रस्सी, एक स्टील प्लेट, एक स्टील ग्लास, एक बैग और तीन फटी हुई बेडशीट शामिल हैं।

### हरियाणा में लिव-इन में रहने वाले यू ट्यूबर्स ने सातवीं मंजिल से लगाई छलांग, हुई मौत


**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** हरियाणा के बहादुरगढ़ में लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे एक युवा जोड़े ने शनिवार को अपने अपार्टमेंट की सातवीं मंजिल से कूदकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। दोनों यूट्यूबर थे और पुलिस के मुताबिक, दोनों के बीच झड़प हुई थी जिसके बाद उन्होंने यह कदम उठाया। पुलिस ने मृतकों की पहचान गर्वित (25) और नंदिनी (22) के रूप में की है। वे बहादुरगढ़ में किराए के मकान में रह रहे थे। पुलिस ने शवों को सिविल अस्पताल भेज दिया है, जहां पोस्टमार्टम किया जाएगा। दोनों अपनी टीम के साथ देहरादून से एक शॉर्ट फिल्म बनाकर लौटे थे।

### मंडी से कंगना रनौत के सामने विक्रमादित्य सिंह लड़ेंगे चुनाव, प्रतिभा सिंह ने किया ऐलान

**मंडी (आरएनएस)।** हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से स्व. वीरभद्र सिंह के बेटे विक्रमादित्य सिंह चुनाव लड़ेंगे। यह घोषणा हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने की है। हालांकि पार्टी की तरफ से आधिकारिक तौर पर बतौर प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह के नाम का अभी ऐलान नहीं किया गया है। वहीं, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भी इसके संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा कि मंडी से हमें युवा नेता मिलेगा ये तय है। फिलहाल इस सीट से खुद प्रतिभा सिंह सांसद हैं। उल्लेखनीय है कि भाजपा की तरफ से अभिनेत्री कंगना रनौत यहां से चुनाव लड़ रही हैं।

## पत्नी की चाकू गोदकर हत्या करने के बाद सारी रात शव के पास बैठा रहा पति, फिर सुबह थाने पहुंचकर किया सरेंडर

**आगरा** | आरएनएस




यूपी के आगरा से हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है जहां एक शख्स ने अपनी पति की चाकू गोदकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी फिर पूरी रात शव के पास बैठा रहा। घटना सदर की सरस्वती विहार कालोनी से सामने आई है। शनिवार सुबह करीब सात बजे उसने थाने पहुंचकर पत्नी की हत्या की जानकारी दी तो पुलिसकर्मी उसे घटनास्थल पर लेकर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

32 वर्षीय मंजू गोला की शादी 12 वर्ष पहले गोविंद गोला के साथ हुई थी। मंजू पेशे से नर्स थी, जबकि गोविंद फोटोग्राफर है।दंपती के तीन बच्चे हैं। मंजू के नर्स होने के चलते स्टाफ और परिचितों के लगातार फोन आते थे। इससे पति उस पर शक करने लगा, जिसे लेकर आए दिन झगड़ा होने लगा। दोनों के स्वजन कई बार उनके बीच में सुलह करा चुके थे।

शुक्रवार को पति-पत्नी के बीच जमकर झगड़ा हुआ, दोनों में हाथापाई हो गई। दोनों एक दूसरे के विरुद्ध शिकायत लेकर सदर थाने पहुंच गए। वहां कुछ घंटे बाद उनमें सुलह हो गई थी। गोविंद ने पुलिस को बताया कि रात में पत्नी ने दोबारा झगड़ा शुरू कर दिया। रात करीब तीन बजे उसने गुस्से में पत्नी पर चाकू से ताबड़तोड़ प्रहार शुरू कर दिए। घटना के समय बच्चे दूसरे कमरे में सो रहे थे। पत्नी की हत्या करने के बाद वह कमरे में रहा। सुबह होते ही उसने थाने आकर सरेंडर कर दिया।

## पंजाब में 11 लोगों की हत्या से सनसनी, अपहरण करने के बाद बंदूकधारियों ने उतारा मौत के घाट

**इस्लामाबाद** | आरएनएस

पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के नोशकी इलाके में शनिवार को 11 लोगों की हत्या कर दी गई। वे सभी पाकिस्तान के पंजाब प्रांत से थे। यह हमला बलूचिस्तान में चरमपंथी समूहों में बढ़ती सांप्रदायिक नफरत की ओर संकेत करता है। 10-12 की संख्या में अज्ञात बंदूकधारियों ने सुल्तान चोरहाई क्षेत्र नोशकी के क्वेटा-ताफ्तान राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया और एक बस से 11 यात्रियों का अपहरण कर लिया।

डिप्टी कमिश्नर हबीबुल्लाह मुसाखेल ने कहा, बंदूकधारियों ने ताफ्तान जाने वाली बस से यात्रियों की जांच की और उनका अपहरण कर लिया। बाद में उनको गोली मार दी। उनके शव डेढ़ घंटे बाद पास के एक पुल के नीचे पाए गए। नोशकी स्टेशन हाउस अधिकारी असद मेंगल ने बताया, ग्यारह मृतकों में से नौ पंजाब से थे।




सूत्रों ने बताया कि क्वेटा-ताफ्तान राजमार्ग पर नाकेबंदी के दौरान बस नहीं रुकने पर बंदूकधारियों ने बस पर गोलियां चला दीं। एक दर्जन से अधिक बंदूकधारियों ने बस पर कम से कम तीन तरफ से गोलीबारी की, जिसके बाद बस पलट गई।

घटना की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने कहा, बंदूकधारियों ने यात्रियों में से सरकारी अधिकारियों, विशेष रूप से पंजाब प्रांत के लोगों की पहचान की और उन्हें मार डाला। यह हमला सांप्रदायिक नहीं लगता क्योंकि अन्य यात्रियों को निशाना नहीं बनाया गया।

ये बात सामने आई है कि मारे गए 11 लोगों में से कम से कम नौ को गोली मारने से पहले पहले अपहरण कर लिया गया था, बाद में उनके शव पास के पुल के नीचे पाए गए। घटना के बाद सुरक्षा अधिकारियों ने इलाके की घेराबंदी कर दी है और तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री मीर सरफराज बुगती सहित अन्य सरकारी अधिकारियों ने इस दुखद घटना की निंदा की है।

## महाठग सुकेश चंद्रशेखर का बड़ा दावा, आप नेता कैलाश गहलोत को 50 करोड़ का किया भुगतान

**नई दिल्ली** | आरएनएस



कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर ने शनिवार को दावा किया कि उसने राज्यसभा सीट हासिल करने के लिए आप नेता कैलाश गहलोत को 50 करोड़ रुपये दिए। सुकेश ने कहा, मैंने राज्यसभा सीट सुरक्षित करने के लिए जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निर्देश पर आप नेता कैलाश गहलोत को उनके फार्म हाउस पर 50 करोड़ रुपये का भुगतान किया।

उन्होंने कहा कि वह आप नेतृत्व को बेनकाब करेंगे और आप नेताओं के साथ हुई कथित व्हाट्सऐप चैट को भी सार्वजनिक कर देंगे। सुकेश फिलहाल दिल्ली की मंडोली जेल में बंद है। वह 200 करोड़ रुपये की रंगदारी मामले में मुख्य आरोपी हैं। केजरीवाल, सत्येन्द्र जैन और गहलोत को संबोधित करते हुए पत्र में सुकेश ने एक बार फिर उन पर अपनी पसंद के जेल अधिकारियों के तबादले और पोस्टिंग के लिए सत्ता का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है।

उन्होंने कहा, ऐसा ही एक उदाहरण जेल नंबर 13, मंडोली का है, जहां मैं बंद हूं। यहां जेल अधीक्षक धनंजय रावत की पोस्टिंग है। उन्होंने रावत पर आप का करीबी होने का दावा किया और कहा, वह आप सिंडिकेट सदस्य है, जिसने सत्येन्द्र जैन और पूर्व डीजी, संदीप गोयल की ओर से मुझसे 1.5 करोड़ रुपये की प्रोटेक्शन मनी वसूली।

सुकेश ने आरोप लगाया, पिछले 3 दिनों से केजरीवाल जी, आपके सिंडिकेट सदस्य और जेल मंत्री कैलाश गहलोत जेल अधिकारियों के माध्यम से मुझ पर दबाव डाल रहे हैं कि मुझे तुरंत आपके और उनके खिलाफ बयान देना बंद कर देना चाहिए, लेकिन मैं ऐसा कुछ नहीं करूंगा। सुकेश ने कहा कि आने वाले दिनों में वह व्हाट्सऐप चैट का ट्रेलर जारी करेंगे। उन्होंने कहा कि केजरीवाल बीमार पडऩे की खबरों को फैला कर लोगों को बेवकूफ बना रहे हैं। हर कोई जानता है कि वह जेल में भी पालक पनीर का आनंद ले रहे हैं।

## ईडी ने पश्चिम बंगाल में पीडीएस व कैश-फॉर-जॉब मामले में 230 करोड़ की संपत्ति जब्त

**कोलकाता** | आरएनएस




ईडी ने पश्चिम बंगाल में स्कूल के बदले नौकरी घोटाले और राशन वितरण रैकेट से संबंधित दो मामलों में अब तक 411 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। सूत्रों ने बताया कि 230.60 करोड़ रुपये कैश-फॉर-स्कूल-जॉब मामले में जब्त किया गया।

ये जब्ती मुख्य रूप से पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (डब्ल्यूबीएसएससी) की स्क्रीनिंग कमेटी के पूर्व संयोजक शांति प्रसाद सिन्हा और गिरफ्तार बिचौलिए प्रसन्ना रॉय की संपत्तियों से संबंधित है। पीडीएस मामले में ईडी द्वारा जब्त की गई संपत्ति का मूल्य लगभग 150 करोड़ रुपये है। ये संपत्तियां पश्चिम बंगाल के पूर्व खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक और मामले में गिरफ्तार तीन अन्य आरोपियों शंकर आध्या, बकीबुर रहमान और बिस्वजीत दास की हैं।

दोनों ही मामलों में जब्त की गई संपत्ति बड़े पैमाने पर जमीन या अपार्टमेंट के रूप में थी। इनमें से कुछ पश्चिम बंगाल के बाहर भी थीं। कुछ सावधि जमा और बचत खाते की जमा राशि को भी ईडी ने जब्त किया। सूत्रों ने बताया कि ईडी द्वारा जब्त संपत्ति में ज्योतिप्रिया मल्लिक के स्वामित्व वाले दो अपार्टमेंट शामिल हैं। इनमें से एक कोलकाता में और दूसरा बीरभूम जिले के बोलपुर-शांतिनिकेतन में है।

शुक्रवार को, ईडी ने पीडीएस मामले में कोलकाता में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की एक विशेष अदालत में अपना तीसरा पूरक आरोप पत्र दायर किया। इसमें केंद्रीय एजेंसी ने उल्लेख किया है कि हवाला मार्ग के माध्यम से 350 करोड़ रुपये दुबई भेजे गए थे।

## हाइवे को पार कर डंपिंग एरिया में घुसा दंतैल, ग्रामीणों को किया अलर्ट

**कोरबा** | आरएनएस

जिले के वनमंडल कटघोरा अंतर्गत हाथी प्रभावित केंदई रेंज के कोरबी बीट में सक्रिय दंतैल हाथी चेतक हाईवे को पार कर अब मातिन दाई मंदिर के निकट स्थित डंपिंग एरिया में पहुंच गया है। दंतैल हाथी के क्षेत्र में पहुंचने तथा विचरण करने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

हालांकि वन विभाग द्वारा इस दंतैल हाथी की लगातार निगरानी करने के साथ गांव में मुनादी कराई जा रही है। बावजूद इसके ग्रामीणों को भय है कि कहीं दंतैल उनके गांव में न घुस जाए और मकान, फसल के अलावा अन्य प्रकार की क्षति न पहुंचा दे। इससे पहले भी क्षेत्र में आए एक दंतैल हाथी ने काफी उत्पात मचाया था और ग्रामीणों के मकान को तोडने के साथ फसलों को क्षतिग्रस्त कर दिया था।

ज्ञात रहे केंदई रेंज को हाथियों ने अपना बसेरा बना लिया है। यहां 39 हाथियों का दल मौजूद है। यह दल अब तक रेंज के कापा नवापारा सर्किल में सक्रिय था लेकिन कल आगे बढ़ा और दल में शामिल चेतक नाम दंतैल हाथी झुंड से अलग होकर कोरबी बीट पहुंच गया और मातिन दाई मंदिर के निकट कुछ देर रूकने के बाद हाईवे को पार किया और डंपिंग एरिया में पहुंच गया। दंतैल के हाईवे को पार करते समय मार्ग पर वाहनों की रफ्तार थम गई थी। इस दौरान वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर मौजूद रहकर आने-जाने वालों को रोकने के साथ सतर्क करते रहे। दंतैल के हाईवे को पार करने के बाद फंसे लोग अपने-अपने गंतव्य को रवाना हुए।

## एक्टिवा वाहन में मिले 13 लाख रूपए नगद, पुलिस ने किया जब्त

**रायपुर** | आरएनएस

राजधानी की विधानसभा थाना पुलिस ने एक्टिवा वाहन से 13 लाख रूपये नगद बरामद किया है। वाहन चालक द्वारा नगदी के संबंध में कोई दस्तावेज प्रस्तुत नही करने पर पुलिस ने रूपये जब्त कर लिया है।

बता दें कि आगामी लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के निर्देशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन तथा नगर पुलिस अधीक्षक केशरीनंदन नायक के पर्यवेक्षण में दिनांक 13 अप्रेल को थाना विधानसभा पुलिस के द्वारा थाना क्षेत्रांतर्गत स्थित पिरदा चौक के पास रिंग रोड नं. 03 में वाहनो की आकस्मिक चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान एक बिना नंबर की दुपहिया वाहन एक्टीवा को रोक कर जांच की गई तो वाहन डिक्की में लाखों रूपये नगदी रकम रखा होना पाया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा वाहन में सवार व्यक्ति से पूछताछ करने पर व्यक्ति ने अपना नाम सत्यम विग निवासी गीतांजली नगर खम्हारडीह रायपुर का होना बताया। लाखों रूपये नगदी रकम के संबंध में पूछताछ करने एवं वैध दस्तावेज की मांग करने पर उनके द्वारा किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह किया जा रहा था। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा व्यक्ति के पास रखे कुल 13 लाख रूपये नगदी रकम को धारा 102 जा.फ़ौ. के तहत थाना विधानसभा में जप्त किया गया है।



### रेल्वे पुलिस की कार्यवाई : 4 लाख नगद के साथ पकड़ाया व्यापारी

**कोरबा (आरएनएस)।** नगर के व्यापारी को रेलवे पुलिस ने 4 लाख रूपए नगद रकम के साथ पकड़ा है। जप्त रकम की जांच के लिए कार्यपालक मजिस्ट्रेट को सौंपा गया है जो मामले की जांच कर रहे है। जानकारी के अनुसार आरपीएफ पोस्ट रायपुर के अधिकारी एवं स्टाफ 18250 कोरबा रायपुर हसदेव एक्स. में जांच के दौरान कोच संख्या डी-05 से एक व्यक्ति को रायपुर स्टेशन प्लेटफार्म नंबर 3 में उतरने के बाद रोका गया। नाम पता पूछने पर मनीष मनवानी पिता ठाकुरदास मनवानी उम्र 39 वर्ष निवासी मिशन रोड पटेल पारा कोतवाली कोरबा बताया। उसके पास रख बैग के बारे में पूछने पर बैग में कैश 400000 होना बताया। कैश के संबंध में कागजात की मांग करने पर मौके पर प्रस्तुत नहीं कर सका। उसे रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट रायपुर लाकर उडन दस्ता विधानसभा रायपुर उत्तर क्षेत्र के उडनदस्ता के कार्यपालक मजिस्ट्रेट दीप्ति तिवारी को जप्ती के लिए सौंपा गया। मजिस्ट्रेट द्वारा मिले रकम की जांच शुरू कर दी गई है।